## संक्षिप्त

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी रामदयाल पुत्र प्रभुलाल मीणा निवासी मोरमाचाह थाना अटरू जिला बांरा को गिरफतार किया गया। वही थाना पुलिस टीम ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए बावडी से पन्द्राहेडा मार्ग पर अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त कर चालक दिलखुश सैनी पुत्र छोटू सैनी निवासी सोहेला थाना टोडारायसिंह को गिरफतार किया गया।

### ब्राह्मण पंचायत हेतु जनसंपर्क किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम मूंडरू के वरिष्ठ विप्र जनों ने शुक्रवार को ग्राम के सभी विप्रजनों के घर घर पहुंच कर 19 मार्च रविवार को विद्याधर नगर जयपुर में होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में अधिकाधिक लोगों से पहुंचने का आग्रह करते हुए निमंत्रण दिया। तहसील अध्यक्ष डॉ विजय जोशी ने बताया कि विप्र परिवारों से संपर्क करने वालों में वैद्य नाथू लाल पटेल ,कैलाश काका, राम प्रकाश शर्मा, विनोद पारीक आदि शामिल थे।

### कादरी का सालाना उर्स आज

**मनोहरपुर, (निसं)।** सीकर मोहल्ला नारवान स्थित सूफी बिस्मिल चौक खलील शाह की दरगाह के पास शनिवार को हजरत ख्वाजा हाजी सूफी अब्दुल मजीद बिस्मिल कादरी का सालाना 22 वां उर्स मुबारक बड़ी अकीदत और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत सूफी मोइनुद्दीन जिलानी के अनुसार सुबह 9 बजे कुरान खानी और दोपहर 2 बजे झंडे की रस्म और बाद नमाज असर कव्वाली के साथ दरगाह मजार शरीफ पर चादर पेश की जाएगी।

### रक्तदान शिविर 19 मार्च को

**राजगढ़, (निसं)।** किरण मोतीलाल बोहरा की स्मृति में भारत विकास परिषद राजगढ़ की ओर से विशाल रक्तदान शिविर खंडेलवाल धर्मशाला में 19 मार्च रविवार को प्रात: 9 बजे आयोजित होगा। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामरतन तांबी एवं आयोजन से जुड़े गिर्राज शर्मा ने बताया कि इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# आखिरकार खत्म हुआ कोटपूतली का 75 वर्ष पुराना जिला बनने का इंतजार

## गहलोत सरकार के अन्तिम बजट में कोटपूतली को सबसे बड़ी सौगात मिली

- क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के प्रयास लाये रंग
- सर्वप्रथम यहां के प्रथम विधायक बाबू हजारी लाल जोशी ने पहली विधानसभा में कोटपूतली को जिला बनाने की मांग की थी

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली को जिला बनाने का 75 वर्षों से चला आ रहा इन्तजार शुक्रवार देर शाम उस वक्त खत्म हुआ जब प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 नये जिले बनाने की घोषणा की।

जैसे ही घोषणा हुई उसके पश्चात सम्पूर्ण कोटपूतली क्षेत्र में मानो दीपावली का जश्न मन रहा हो ऐसा माहौल देखने को मिला। जहां हर गली मौहल्ले तिराहे और चौराहों पर शहरवासी मिठाईयां बांट कर व पटाखे छोड़ कर खुशियां मनाते नजर आये। इसी दौरान स्थानीय विधायक व गृहराज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव व प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भी शहर में जिन्दाबाद के नारे लगे। आपकों बता दें कि कोटपूतली को जिला बनाने की मांग, जो आजादी के बाद पिछले 75 वर्षों से लगातार चली आ रही थी। लेकिन इस बार यहां से कांग्रेस टिकिट पर लगातार दूसरी बार चुनाव जीतकर गहलोत सरकार में मंत्री बने राजेन्द्र सिंह यादव के सार्थक प्रयास रंग लाये एवं कोटपूतली को जिला बनाये जाने की मांग अन्तत: पुरी हो गई।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में राज्य सरकार के कार्यकाल के 5 वें व अन्तिम बजट पारित होने पर वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान कोटपूतली को जिला घोषित किया। मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा प्रदेश में कोटपूतली समेत 19 नये जिले बनाये गये है।

इधर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजमार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हो गये। जहां गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के प्रतिनिधि व पीसीसी मेम्बर मधुर यादव को मिठाई खिलाकर जिले का जश्न मनाया। इसके अलावा यहां के नगर परिषद भवन पर सभापति प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद सैनी के नेतृत्व में पार्षदों द्वारा जमकर आतिशबाजी करते हुए मिठाईयां बांटी गई। इसी प्रकार कस्बे में आजाद चौक, पूरानी नगर पालिका तिराहा समेत जगह-जगह आतिशबाजी कर मिठाईयों का वितरण भी किया गया। ग्राम पनियाला में सरपंच लक्ष्मण रावत के नेतृत्व में मिठाई बांटकर आतिशबाजी की गई।

जयपुर ग्रामीण के कोटपूतली व बहरोड़ को मिलाकर नया जिला बनाया गया है। जिसका मुख्यालय कोटपूतली के पनियाला में होगा। इस प्रकार नये जिला मुख्यालय की कोटपूतली, बहरोड़ व बानसूर कस्बे से लगभग समान दूरी होगी। नया जिला बनने से क्षेत्र का आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक विकास भी तेजी से होगा।

**लगातार जारी थे प्रयास :-** कोटपूतली को जिला बनवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे थे। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने अपने चुनाव घोषणा पत्र में कोटपूतली को जिला बनवाने का वादा किया था। यही नहीं करीब 6 माह पूर्व कोटपूतली को जिला ना बनाने पर पार्टी व पद से इस्तीफा देने की चेतावनी भी दी थी। अब यादव के सार्थक राजनैतिक प्रयास रंग लेकर आये है। जिससे उनका राजनैतिक कद कोटपूतली में काफी बढ़ गया है। यादव कांग्रेस के कद्दावर नेता व गहलोत सरकार के बेहद ताकतवर मंत्री है।

**आजादी के बाद से हो रही थी मांग:** उल्लेखनीय है कि कोटपूतली को जिला बनाये जाने की मांग देश की आजादी के बाद राजस्थान के गठन के साथ ही होने लगी थी। सर्वप्रथम यहां के प्रथम विधायक बाबू हजारी लाल जोशी ने प्रथम विधानसभा में कोटपूतली को जिला बनाने की मांग की थी। इसके बाद से ही निरन्तर राजनैतिक रूप से मांग की जा रही थी। पिछले 75 वर्षों में अलग-अलग संगठनों के माध्यम से लगातार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन का दौर भी जारी रहा। यहां से जीतने वाले लगभग हर विधायक ने अपने-अपने स्तर पर कोटपूतली को जिला बनाने के सार्थक प्रयास करें। इनमें विशेष रूप से प्रथम विधायक पं. हजारी लाल जोशी के अलावा विकास पुरूष स्व. मुक्तिलाल मोदी, स्व. रामकरण सिंह गुर्जर, स्व. सुरेश शर्मा, रामचन्द्र रावत, डॉ. आर.एस.गौड़, सुभाष चंद शर्मा व गहलोत सरकार में संसदीय सचिव रहे रामस्वरूप कसाना का योगदान भी अपने-अपने समय पर उल्लेखनीय रहा। जिन्होंने राजस्थान विधानसभा में लगातार इस मांग को जीवंत रखा।

गैर राजनैतिक रूप से बात की जाये तो यहां के ग्राम बनेठी के मूल निवासी व भाजपा के कद्दावर नेता एड. योगेन्द्र सिंह तंवर द्वारा भी राजस्थान हाईकोर्ट में इस बाबत याचिका दायर की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने नये जिलो के गठन में कोटपूतली को प्राथमिकता देने के निर्देश राज्य सरकार को दिये थे। इसके अलावा सर्वदलीय जिला निर्माण संघर्ष समिति के स्व. वैद्य बालाबक्श शास्त्री ने भी कई बार जिले की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन किये। जिला निर्माण एवं समग्र विकास समिति के संस्थापक शिक्षाविद् हीरालाल भूषण व अध्यक्ष हंसराज पटेल ने भी कई बार जिले की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन दिये। वहीं भाजपा नेता मुकेश गोयल द्वारा भी कोटपूतली के विभिन्न गाँवों में पोस्ट कार्ड अभियान चलाया गया।

**निम्न तहसील होगी शामिल :** नये जिले में कोटपूतली के अलावा जयपुर की पावटा व विराटनगर, अलवर जिले की नारायणपुर, बानसूर, बहरोड़, नीमराणा व मुण्डावर तहसीले शामिल होगी। नये जिले की कुल आबादी 17.79 लाख जबकि क्षेत्रफल 3445 वर्ग किमी होगा। नये जिला मुख्यालय के लिए ग्राम कालुहेड़ा में मिनी सचिवालय व पुलिस लाईन निर्माण हेतु 180 बीघा जमीन का आंवटन हो चुका है।

### 110 लोगों को पट्टे दिए

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका में शुक्रवार को पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी द्वारा 110 लोगों को पट्टे वितरित किए गए। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि नगरपालिका शहर के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा शहर के प्रत्येक व्यक्ति को मालिकाना हक दिलवाने के लिए पट्टे दिए जा रहे है। नगरपालिका के सभी वार्डो के लोग अधिक से अधिक पट्टे बनवाएं। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि शुक्रवार को नगरपालिका द्वारा 110 पटटे जारी करके लोगों को वितरित करके लांभंवित किया है।

# रास्ते में भरे पानी से राहगीर परेशान

- घरों एवं बारिश के पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं बनाने से हो रही परेशानी

**चाकसू, (निसं)।** घरों एवं बारिश के पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं बनाए जाने के कारण गांवों के रास्ते कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। जिससे ग्रामीणों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पालिका क्षेत्र के शील की डूंगरी( शीतला माता) वार्ड नंबर 34 इलाके में बनी सीसी सड़क पर पानी भरने से ग्रामीण नहीं निकल पा रहे हैं। गांव का प्रमुख रास्ता होने के कारण यह रास्ता शीतला माता के दर्शन के लिए भी जाता है वहीं घरों में जाने के लिए भी लोगों को कीचड़ भरे पानी में होकर ही जाना पड़ता है। टोंक रोड मुख्य मार्ग से अंदर जाने वाले इस उपरोक्त रास्ते पर नगर पालिका प्रशासन ने सीसी सड़क तो बनाई है, लेकिन पानी निकासी का इंतजाम नहीं किया, जिस कारण रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। सड़क पर 2 फीट के करीब पानी भरा हुआ है, जिस वजह से लोगों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से कुछ ही दूरी पर शीतला माता का मंदिर स्थित है जहां रोजना श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। शुक्रवार सोमवार को बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। जिस कारण लोग शीतला माता मंदिर पर दर्शन करने लंबे दूसरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है इसके अलावा खेतों में मकान बनाकर रहने वाले लोग भी इसी रास्ते से जाते हैं लेकिन रास्ता खराब होने के कारण उन लोगों का भी निकला मुश्किल हो गया है, सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को होती है।



**वार्ड 34 में बनी सीसी सड़क पर पानी भरने से ग्रामीण निकल नहीं पा रहे हैं।**

# बदमाशों की फायरिंग से गांव में दहशत फैली

- 4 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज

**दौसा, (निसं)।** मंडावरी थाना क्षेत्र के महारिया गांव में कार एवं तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए बदमाशों द्वारा की गई बंदूक द्वारा की गई अंधाधुध फायरिंग के बाद गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया।

इस मामले को लेकर पीड़ित द्वारा मंडावरी थाने में चार लोगों के खिलाफ जान से मारने की नियत से अंधाधुंध गोलियां चलाने का मामला दर्ज कराया। पीड़ित मुकेश उर्फ पिंडा पुत्र कालूराम मीणा द्वारा मंडावरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह रात्रि दस बजे गांव में रामलाल मीणा के घर सो रहा था। उसके साथ हरिमोहन चैनपुरा व चार-पांच अन्य आदमी भी सो रहे थे। उसी दौरान वहां पर अचानक तीन मोटरसाइकिल व एक बोलेरो गाड़ी में बैठकर दिल्लू उर्फ दिलकुश, लोकेश, गुलकेस, स्वीकार, विकास उर्फ पागा व विकास उर्फ गल्या निवासी करेल थाना क्षेत्र मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर सहित चार पाच अन्य लोगों द्वारा उनके साथ मारपीट करने लगे एवं उनके ऊपर जान से मारने की नियत से अंधाधुंध बंदूक से गोलियां चलाई गई। जहां बड़ी मुश्किल से इधर-उधर चुप कर जान बचाई गई।

गोलियों की आवाज सुनकर गांव वाले आए तो भीड़ को देखकर आरोपी खुद की गाड़ियों में बैठकर घटनास्थल से भाग खड़े हुए।

### 4 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कनिष्ठ अभियंता भावेश गुप्ता ने बताया कि 18 मार्च शनिवार को सुबह 6 से 10 बजे तक 132 के वी जीएसएस जालपाली श्रीमाधोपुर मे रख रखाव व मरम्मत कार्य करने के लिए 4 घंटे विधुत आपूर्ति बंदरहेगी तथा इनके अधीन आने वाले जीएसएस तीजावाला जोहड़ा श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हांसपुर, बस्सी जोरावर नगर की ढाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढाणीयो की विधुत आपूर्ति बंद रहेगी ।

## लोकेंद्र सिंह कालवी को याद किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के ग्राम गोविन्दगढ़ में स्थित श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला परिसर में शुक्रवार को श्री राजपूत सभा तहसील चौमूं एवं श्री राजपूत करणी सेना तहसील इकाई चौमूं के तत्वावधान में श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। सभा में अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रूक्क्मणी कुमारी ने कहा कि राजपूत समाज के पुरोधा लोकेंद्र सिंह कालवी के निधन पर अपूर्ण क्षति हुई है। सभा में श्री राजपूत सभा तहसील चौमूं अध्यक्ष शंकर सिंह खेजरोली ने कहा कि कालवी का योगदान राजपूत समाज के उत्थान के लिए सराहनीय रहा है। कार्यक्रम के दौरान राजपूत सभा के लोगों ने करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। सभा में श्री राजपूत सभा जयपुर देहात पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह राठौड एवं राजस्थान बुनकर संघ पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सिंह तवर, राजपूत करणी सेना तहसील संयोजक गिरवर सिंह ईटावा, विश्व हिंदू परिषद तहसील आमेर अध्यक्ष ठाकुर भवानी सिंह टाटियावास आदि मौजूद थे।

### बजरी की दरों को कम करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने राजस्थान में बजरी माफियाओं की मनमर्जी पर लगाम लगाकर बजरी की दरों को कम करने व राज्य राजमार्गो को टोल फ्री करने की मांग को लेकर शुक्रवार को घंटाघर पर प्रदर्शन कर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी पराना के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

बजरी ट्रक ऑपरेटर्स के अध्यक्ष अजय चौधरी, डॉ. प्रदीप चौधरी, रामअवतार, अशोक, सुरेश, गणेश, हनुमान, संदीप, रामकृष्ण, लोकेश, रामजी लाल, मदन लाल, खुशीराम चौधरी, देवली तहसील अध्यक्ष रणवीर सिंह राजपूत, अर्जुन चौधरी, लोकेश, जीतराम ताखर, सुरेंद्र मीणा, रामसिंह, भंवर ताखर, राजू सैनी, तालीब खान एवं आसाराम आदि ने बताया कि आज राजस्थान में बजरी माफियाओं की मनमर्जी और बजरी के वैध खनन की आड में मनमाफिक दरों से तथा राज्य राजमार्गों पर लिए जाने वाले टोल टैक्स से आमजन परेशान है। क्योंकि आज प्रति टन बजरी के लिए 600 रूपये से अधिक राशि ली जा रही है और वैध खनन के नाम पर राजस्थान में अधिकतर स्थानों पर ही एक ही समूह के पास बजरी खनन का ठेका है और उसकी आड में उस समय द्वारा रॉयल्टी नाकों पर अधिकतर बदमाशों को बैठा कर रखा है। जो आए दिन स्थानीय लोगों और किसानों को तंग करते हैं।

# सात दिवसीय चेटीचंड महोत्सव बाइक रैली के साथ शुरू

**खैरथल, (निसं)।** सिन्धी समुदाय की ओर से आयोजित 7 दिवसीय भगवान झूलेलाल जयंती महोत्सव का शुक्रवार को बाइक रैली के साथ जोरदार शुभारंभ किया गया।

गाजे-बाजे के साथ झूलेलाल मंदिर से शुरू हुई रैली को मंदिर के महंत बाबा शीतलदास लालवानी, पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मनोहर लाल रोघा, मेला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष दयालदास प्रदनानी, पूज्य सिन्धी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, बाबा, व्यस्थापक अर्जुनदास बाबानी, महेश आडतानी, राजकुमार मंगलानी, प्रदेश मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी, पूज्य सिन्धी पंचायत के प्रवक्ता प्रहलाद मंगलानी,मुखी सेवक लालवानी, पार्षद जाजन मुलानी, गोपालदास पेशवानी, राजकुमार दादवानी, अशोक महलवानी, किशनचंद भारती, प्रताप कटहरा, राजा मंगलानी, प्रेम प्रदनानी, देवीदास भगतानी, अर्जुनदास असरानी, राजकुमार आसीजा, बोनी जयवानी, रूपचंद भारती, नत्थूमल रामनानी, बूलचंद मानवानी,प्रेम प्रदनानी,गोपाल शर्मा,विष्णुमल गनवानी, मुरलीधर तीर्थानी, धर्मदास तलरेजा, रामचंद, राधाकिशन रोचवानी,घनश्याम बच्चानी, वासुमल दरयानी, नरेश मेठवानी आदि मौजूद रहे। सहित सभी सेवादार मौजूद रहे। प्रारंभ में भगवान झूलेलाल की आराधना कर मंगल कामनाएं की गई व प्रसाद वितरण किया गया।सात दिवसीय महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

महोत्सव के शानदार आयोजन के लिए सभी चौराहों समेत बाजारों में आकर्षक लाइट डेकोरेशन किया गया है और घर घर दीपक बांटे जा रहे हैं।

सात दिवसीय महोत्सव के तहत शुक्रवार को बाइक रैली निकाली गई। शनिवार को पूज्य बहराणा साहिब सवारी, रविवार को भारतीय सिंधु सभा की ओर से मातृशक्ति स्कूटी रैली, सोमवार को झूलेलाल मंदिर में सांय महा आरती, मंगलवार को झूलेलाल मंदिर से अखंड ज्योति नगर भ्रमण, बुधवार को प्रात: 10 बजे कलशयात्रा व सांय 6.30 बजे से देर रात तक प्रतिभा सम्मान व सांस्कृतिक समारोह होगा।

जबकि 23 मार्च गुरुवार को मुख्य कार्यक्रम चेटीचंड महोत्सव मनाया जाएगा जिसमें मंदिर पर ध्वजारोहण,हवन, कन्या वंदन आम भंडारा, भव्य शोभायात्रा के बाद सांय 8 बजे मशहूर शहनाई वादक पेशूराम एवं पार्टी के साथ पूज्य बहराणा साहिब, डांडिया नृत्य व सिन्ध का लोकनृत्य छेज,9 बजे आम भंडारा (डिनर) 9.30 से 10 बजे तक शोभायात्रा में शामिल झांकियों को पुरस्कार और रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा 24 मार्च को सुबह 6 बजे वरुणावतार का पल्लव पाने के बाद महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा।



**चेटीचंड के सात दिवसीय महोत्सव के शुभारंभ पर विशाल रैली निकाली।**

### लालसोट क्षेत्र को पांच बड़ी सौगातें

**लालसोट/रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र को एक के बाद एक विकास की नई बड़ी सौगात मिल रही है।

शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा वित्त विनियोग विधेयक चर्चा के दौरान विधानसभा क्षेत्र लालसोट में पांच बड़ी विकास की सौगाते दी हैं। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि नगरपालिका रामगढ़ पचवारा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई व रामगढ़ पचवारा में सहायक अभियंता पीएचडी कार्यालय और लालसोट में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी कार्यालय, लालसोट में परिवहन विभाग कार्यालय एवं लालसोट में पशु चिकित्सा महाविद्यालय सहित लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लिए विभिन्न विकास की बडी सौगातें मिली हैं।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि कांग्रेस कि गहलोत सरकार ने लालसोट विधानसभा क्षेत्र को ऐसी विकास की सौगात दी है जो कभी लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लोगों द्वारा मांगी ही नहीं गई थी।

आज लालसोट विधानसभा क्षेत्र विभिन्न स्तर पर विकास में मॉडल के रूप में बनकर उभरा है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि उनके द्वारा गत विधानसभा चुनाव में की गई सभी घोषणाओं को लगभग है पूरा किया है एवं आने वाले समय में भी लालसोट के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

## सार-समाचार

### कार्यक्रम में कलाम पेश किये




**टोंक, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में एपीआरआई में चहार बैत का आयोजन किया गया। चहार बैत के मुख्य अतिथि सभापति अली अहमद, पूर्व जिला परिषद सदस्य अध्यक्षता मणीन्द्र लोदी, विशिष्ट अतिथि फैसल सईदी, पार्षद शब्बीर अहमद, खुर्शीद अहमद नकवी थे। पांच चहार बैत पार्टियों ने अपने कलाम पेश किये। रामपुर की चहार बैत पार्टी "शाने रामपुर" उस्ताद अफजाल व खलीफा लड्डन उत्तरप्रदेश, दूसरी पार्टी "शाने हिन्द", उस्ताद मोहम्मद आसिफ, मोहल्ला बटवालन, टोंक, तीसरी पार्टी "शाने अमन", उस्ताद अखलाक व वाहिद मियां, खिडकी दरवाजा, पुरानी टोंक, चौथी पार्टी "ताजे हिन्द", उस्ताद सरदार अब्बास काफला बाजार तथा पांचवी पार्टी "शाने चमन" उस्ताद याकूब अख्तर मोहल्ला रजबन टोंक एवं उनके साथियों ने ये कलाम पढा। कार्यऋम का प्रारम्भ रामपुर, उत्तरप्रदेश के उस्ताद अफजाल व खलीफा लडडन ने नाते पाक से किया।

### सुरक्षा सखियों का सम्मान किया



**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे के होटल ग्रीन पार्क में सुरक्षा सखी सम्मान समारोह कार्यक्रम भामाशाह व पार्षद भोमाराम गुर्जर के सहयोग से भाजपा महिला मोर्चा जयपुर जिला देहात उत्तर की जिलाध्यक्ष आरती सिंह के मुख्य आतिथ्य व पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अलवर सुनीता सैनी, शिवाजी महिला मोर्चा अध्यक्ष अलवर मोनिका शर्मा, जिला मंत्री भाजपा अलवर आरती बहुगुणा, राष्ट्रीय महिला जागृति मंच जिला अध्यक्ष अलवर कल्पना शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें 100 से भी ज्यादा सुरक्षा सखियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### नारायणपुर के ग्रामीणों में ख़ुशी की लहर



**नारायणपुर, (निसं)।** विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुक्रवार को नारायणपुर को पंचायत समिति बनाए जाने की घोषणा के बाद कस्बे के ग्रामीणों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ख़ुशी का माहौल है । नारायणपुर कस्बे को पंचायत समिति बनाये जाने की पुरानी मांग उधोग व देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत द्वारा पूरी किए जाने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री गहलोत और कैबिनेट मंत्री रावत का आभार जताकर ख़ुशी प्रकट की। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत समिति बनने पर नारायणपुर सहित आसपास की ग्राम पंचायतों का विकास अब तेजी से होगा। जैसे ही क्षेत्र के लोगों को नारायणपुर को पंचायत समिति बनने का समाचार मिला तो लोगों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने मिठाई बांटकर ख़ुशी का इजहार किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, विक्रम गुर्जर, गिर्राज सैनी, कमलेश गुर्जर, कमलेश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** दूदू-छाण स्टेट हाईवे पर तीन दिन पूर्व इंदोली प्रिंसिपल रामूलाल जाट पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर केरिया गांव के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम,एएसपी व डीवाईएसपी को ज्ञापन सौंपा। बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने मलिकपुर महिला सरपंच के विरूद्ध भी जमकर नारेबाजी करते हुए प्रिंसिपल पर हुए हमले में सरपंच के परिजनों की लिप्तत्ता होने का खुला आरोप लगाते हुए संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही ग्रामीणो ने बताया कि हमलावरो की गिरफतारी नही होने व खुले में घूमने से ग्रामीण दहशत में है।

### विदाई समारोह आयोजित

**मंडावरी, (निसं)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय दौसाडा में कक्षा आठ के विद्यार्थियों का आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीईईओ महारिया कैलाश चंद मीना पीईईओ बिलौना कला मनोज मीना विशिष्ट अतिथि उप प्राचार्य कमलेश गौतम महारिया एवं कैलाश चंद शर्मा पूर्व प्रधानाध्यापक रहे। इस कार्यक्रम में अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दी। कक्षा आठ के विद्यार्थियों को पैन ज्योमेट्री बाक्स एवं डिक्शनरी भेंट की गयी। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष जगदीश मीना रामधन इकबाल खान प्यारे लाल मीना रामकिशन मीना विनोद कुमार माया मीना राजेश मीना भोलाराम सैनी सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महापंचायत में पहुंचने का आव्हान

**पावटा, (निसं)।** 19 मार्च को विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित ब्राह्मण महापंचायत को लेकर तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा की एक बैठक भोनावास रोड स्थित शिव शक्ति फार्म हाऊस पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने की। बैठक में शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को होने वाली महापंचायत में क्षेत्र के विप्र समाज बढ चढकर हिस्सा लेगा जिसके लिए विराटनगर विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र के गांव एवं ढाणी में इकाई अध्यक्षों व पदाधिकारियों सहित विप्र बंधुओं को 19 मार्च को होने वाली महापंचायत में चलने का आव्हान किया गया। शर्मा ने बताया कि विराटनगर विधानसभा से जयपुर में होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए बडी संया में ब्राह्मण बंधु जयपुर कूच करेंगे। महापंचायत को लेकर विराटनगर विधानसभा के प्रत्येक गांव ढाणी, कस्बा और शहर में विप्र समाज की बैठक आयोजित की जाएगी।

### खैरथल को जिला बनाने पर मिठाई बांटी

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से शुक्रवार को खैरथल को भी जिला बनाए जाने की घोषणा से पूरा खैरथल क्षेत्र झूम उठा। लोगों ने जिला बनाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व विधायक दीपचंद खैरिया के पक्ष में जमकर नारे लगाते हुए मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। गैर-राजनीतिक संगठन खैरथल विकास मंच की ओर से पिछले लंबे समय से खैरथल को जिला बनाने की मांग की थी। विकास मंच ने बाकायदा नक्शा बना कर दावेदारी पेश की। विधायक दीपचंद खैरिया ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से खैरथल को जिला बनाने की पुरजोर मांग करते रहे। खैरथल विकास मंच के अध्यक्ष मनोहर लाल परवाना, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, नगरपालिका में प्रतिपक्ष नेता विक्की चौधरी के नेतृत्व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व विधायक दीपचंद खैरिया का आभार व्यक्त किया।